**भारत सरकार**
**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**
**भारत के प्रेस महापंजीयक का कार्यालय**
**9 वां तल, सूचना भवन, सीजीओ कॉम्पलेक्स**
**लोधी रोड, नई दिल्ली-110003**
**https://prgi.gov.in/**

**वर्ष 2026 की परामर्शिका सं. 18**

दिनांक- 16.07.2026

**********

**विषय – प्रेस सेवा पोर्टल पर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक विवरण में ऑनलाइन त्रुटि सुधार**

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक विवरण भरने के सम्बंध में जारी परामर्शिका के क्रम में, प्रकाशकों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि पहले से भरे हुए वार्षिक विवरणों में अनजाने में हुई त्रुटि में सुधार हेतु एक बारगी ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध करा दी गई है।

2. ऑनलाइन त्रुटि सुधार की सुविधा प्रेस सेवा पोर्टल पर 31 जुलाई 2026 तक उपलब्ध रहेगी। यह सुविधा केवल पहले भरे जा चुके वार्षिक विवरणों में त्रुटि सुधार हेतु है। त्रुटि सुधार केवल प्रेस सेवा पोर्टल के माध्यम से किए जाएंगे। इस संबध में कोई भी भौतिक आवेदन, अभ्यावेदन या दस्तावेज स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

3. प्रकाशकों को त्रुटि सुधार की प्रक्रिया ***31 जुलाई 2026*** को या उससे पहले पूरी करने की सलाह दी जाती है, क्योंकि इसके बाद त्रुटि सुधार संबंधी किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक विवरण फाइल करने की अंतिम तिथि भी **31 जुलाई 2026** है।

5. किसी भी तकनीकी कठिनाई होने पर या भविष्य में किसी प्रकार के स्पष्टीकरण के लिए सहायता केंद्र से 011-24320025 पर या ई-मेल it-helpdesk.rni@gov.in के माध्यम से संपर्क किया जा सकता है।

इसे भारत के प्रेस महापंजीयक महोदय के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

**पामुला रत्नाकर**
**उप प्रेस महापंजीयक**